Title: Regarding a bus accident near Maneri in Mandla District of Madhya Pradesh.

श्रीमती जयश्री बैनर्जी (जबलपुर) : अध्यक्ष महोदय, जिला मंडला के अन्तर्गत मनेरी के पास एक प्राइवेट बस में जब करीबन 160 व्यक्ति यात्रा कर रहे थे तो अचानक बस का टायर बस्ट हुआ जिससे बस पलट गई तथा आग लग गई। इस बस में अवैध रूप से पैट्रोल जा रहा था जिससे आग लग गई। इस आग में 70 लोग जल कर खाक हो गए। इस हादसे को बचाया जा सकता था। घटना स्थल से मात्र 50 मीटर की दूरी पर हिन्दुस्तान पैट्रोलियम के फिलिंग प्लांट द्वारा तीन-तार मिनट में आग बुझायी जा सकती थी। इनके पास आग बुझाने के सभी साधन उपलब्ध थे लेकिन उन्होंने सहायता करने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि हमें मुम्बई हैड क वार्टर से अनुमति लेनी होगी। ऐसे गैर जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए क्योंकि उन्हें दूसरों की जिन्दगी की परवाह नहीं है। इसमें अधिकतर ग्रामीण लोग यात्रा कर रहे थे। मृतक लोगों के परिवार वालों को तुरन्त आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

13.29 hrs.

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock.

______